प्रादेशिक समाचार
दिनांक–01.08.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

विधानसभा के मानसून सत्र की पांचवें दिन हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही कल 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी है। वहीं विधानसभा में हेमंत सोरेन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाकर प्रदर्शन कर रहे विपक्ष के 17 विधायकों को निलंबित कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा के विधायकों को कल दोपहर दो बजे तक के लिए निलंबित किया है।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सहायक आचार्य नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा सहित अन्य पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रियाओं को लेकर मुख्य सचिव एल० खियांग्ते, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने सहायक आचार्य के 26 हज़ार पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि सर्वोच्च न्यायालय ने सहायक आचार्य के रिजल्ट प्रकाशन पर सिर्फ रोक लगाई है। परीक्षा के आयोजन पर किसी भी प्रकार की कोई रोक नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि सहायक आचार्य के रिजल्ट प्रकाशन पर लगी रोक के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के प्रशांत कुमार ने बैठक में कहा कि विभिन्न पदों के लिए आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगिता परीक्षाएं अपने पूर्व–निर्धारित तिथियों के अनुसार होगी।

****

केंद्र सरकार के प्रस्तावित कोल बेयरिंग एरिया एक्ट (सीबीए) एक्ट में संशोधन के विरुद्ध झारखंड विधानसभा ने आज प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव को केंद्र के पास भेजा जाएगा। इस मामले पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि प्रस्तावित संशोधन झारखंड सरकार की जल, जंगल और जमीन को बचाने का जो संकल्प है, वो उसके विरुद्ध है। केंद्र सरकार कोयला क्षेत्र अधिनियम के तहत भूमि अधिग्रहण करने और फिर वाणिज्यिक खनन के लिए आवंटित कोयला ब्लॉकों के विकास में तेजी लाने के लिए इसे निजी कंपनीयों को पट्टे पर देने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। इसी प्रस्ताव के विरोध में झारखंड विधानसभा ने यह प्रस्ताव पास किया है।

****

असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा प्रभारी हिमंता विश्वा सरमा पाकुड़ जाने के क्रम में आज दुमका पहुंचे। उन्होंने फूलो झानो की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। दुमका में उन्होने कहा कि संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिए आदिवासियों की जमीन हड़प रहे हैं। हमें उनके साथ खड़ा होना है। उन्होने पाकुड़ के गोपीनाथपुर मामले पर कहा कि पाकुड़ के हालात खराब है। झारखंड की सरकार ने मुझे वहां जाने से मना किया है। उन्होंने कहा कि जब एक मुख्यमंत्री वहां नहीं जा सकता, तो आमलोगों की क्या हाल होगी समझा जा सकता है। उन्होने झारखण्ड विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि झारखंड में भाजपा आसानी से चुनाव जीत कर सरकार बनाऐगी।

****

खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड की रहने वाली विश्वासी टोपनो जेएसएलपीएस की गरिमा परियोजना से जुड़कर आज आत्मनिर्भर बन गई हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रही हैं हमारी संवाददाता––

****

हजारीबाग के बड़कागांव प्रखंड में मुख्यमंत्री मईयां योजना को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने आज बैठक की। उन्होने मईयां योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बड़कागांव प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में 3 अगस्त से लेकर 10 अगस्त तक मईयां योजना की फॉर्म स्वीकृति के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस योजना के तहत योग्य महिलाओं को प्रत्येक माह 1 हजार रुपया सम्मान राशि दी जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी सेविकाओं को निर्देश देते हुए कहा कि 21 वर्ष से लेकर 50 वर्ष तक की महिलाओं को इस योजना से जोड़ना सरकार का लक्ष्य है।

******समाप्त*******